हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, बुधवार, 27 मार्च 2024

12 फोरेंसिक साइंस में एनएफएसयू के साथ काम करेगा हकेंवि



12 लिखूं गीत कैसे मैं यादों के अब, था गीतों का मुखड़ा वही खो गयाः सुरेश मक्कड़



नारनौल शहर में पहली बार
विश्वस्तरीय व आधुनिक तकनीक से लैश
गैस्ट्रोएन्टेरोलॉजी विभाग
आँत, पेट, लीवर व पैनक्रियाज से सम्बंधित बिमारीयाँ
एण्डोस्कोपी, कॉलोनोस्कोपी एवं ERCP की सुविधा



डॉ. अशोक कुमार
MBBS, MD Medicine (GMCH, Chandigarh)
DM Gastroenterology (DMCH, Ludhiana)
Ex. Const. Saroj Super Speciality Hospital, Delhi
Ex. Const. Jaipur Golden Hospital, Delhi
Ex. Sr. Const. Ujala Sygnus : Sonia Hospital, Delhi
रेवाड़ी, जयपुर एवं दिल्ली की सभी सुविधाएं नारनौल में पहली बार

27 मार्च 2024 से नियमित ओपीडी सेवाएं
24 घण्टे आपातकालीन सेवा उपलब्ध
रेनबो मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल एवं ट्रॉमा सैन्टर
सिंघाना रोड, महावीर चौक, नारनौल (हरि.)
Ph. 01282-298621, 9991116314

## खबर संक्षेप

### गांव बूढ़वाल में कुश्ती दंगल आज

**नांगल चौधरी।** बूढ़वाल गांव में 27 मार्च को बाबा मोहनदास की स्मृति में कुश्ती दंगल का आयोजन होगा। जिसमें सामाजिक कायारें में अग्रणी योगदान देने वालों को सम्मानित किया जाएगा। प्रधान मनीष भारद्वाज, विनोद कुमार, सतपाल, ईश्वर सिंह, शुभराम, बिक्रम, रामोतार व जसवंत सिंह ने बताया कि दंगल में अंतिम कुश्ती विजेता को 31 हजार रुपये नकद पुरस्कार दिया जाएगा।

### मोहल्ला शिवाजी नगर में जागरण आज

**नारनौल।** श्री बांके बिहारी सेवा समिति का बुधवार रात को मोहल्ला शिवाजी नगर में जागरण होगा। मुख्य यजमान संजय वर्मा हवलदार, मीनू रोहिल्ला होंगे। अविनाश अग्रवाल ने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री बांके बिहारी भगवान करेंगे।

### मॉडल संस्कृति स्कूल में प्रवेश परीक्षा कल

**महेंद्रगढ़।** राजकीय मॉडल संस्कृति विद्यालय में प्रवेश परीक्षा 28 मार्च को होगी। प्राचार्य सुनील गोरा ने बताया कि शहर के एकमात्र सीबीएसई के सरकारी विद्यालय में सत्र 2024-25 के लिए प्रवेश परीक्षा 28 मार्च को प्रातः दस बजे आयोजित की जाएगी। प्रवेश मेरिट के आधार पर विद्यालय में उपलब्ध सीमित सीटों पर किया जाएगा तथा 1.80 लाख की आय वाले परिवार के बच्चों को फ्री शिक्षा दी जाएगी। स्कूल में जेई व नीट जैसी परीक्षाओं की तैयारी भी करवाई जाएगी।

### बव्वा में शीतला माता मेला 3 अप्रैल को

**कनीना।** बव्वा गांव में शीतला माता का मेला तीन अप्रैल को लगेगा। इस बारे में सुरेंद्र यादव ने बताया कि एक अपैल रात्रि को जागरण होगा। जिसमें गायक कलाकार रातभर भजनों के माध्यम से माता का गुणगान करेंगे। दो अप्रैल को सुबह 10 बजे भंडारे का आयोजन किया जाएगा। तीन अप्रैल को मेले में दूर-दराज से श्रद्धालु आकर माता के मंदिर में मत्था टेक मन्नतें मागेंगे

### डा. भीमराव आंबेडकर की जयंती 14 को

**नारनौल।** स्लम जागृति समिति पटीकरा के तत्वावधान में 14 अप्रैल को भीमराव अंबेडकर भवन पटीकरा में संविधान निर्माता डा. भीमराव आंबेडकर की जयंती मनाई जाएगी। समिति के प्रधान भागीरथमल खनगवाल ने बताया कि समारोह में दिल्ली, राजस्थान, हरियाणा से लोग भीमराव आंबेडकर की जीवनी पर प्रकाश डालने के लिए पहुंचेंगे। इस अवसर पर पहली कक्षा से नौवीं कक्षा तक के प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा।

### नाबालिग से दुष्कर्म के प्रयास में दो आरोपी काबू

**कनीना।** क्षेत्र के गांव की नाबालिग पर दुष्कर्म का दबाव बनाने वाले रेवाड़ी जिले के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। शिकायत में बताया था कि आरोपी फोन कर नाबालिग पर दुष्कर्म करने का दबाव बना रहे थे तथा ऐसा नहीं करने पर धमकी देते थे। जिससे परेशान नाबालिग ने परिनजों को आपबीती बताई तथा सदर थाने में आरोपियों के खिलाफ शिकायत दी। जिसके बाद पुलिस ने जांच के बाद केस दर्ज कर दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें जेल भेज दिया।

# भाग्यविधाता बनी ऊंटनी, कर्जदार से धनवान शीशपाल का परिवार, याद में बना दिया मंदिर

## गांव कांवी की ढ़ाणी मुरारीपुर में 31 मार्च को होगा कार्यक्रम, राज्यमंत्री अभय सिंह यादव होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

अगर कोई समझे तो बेजुबान जानवर व इंसान के बीच का रिश्ता बेहद खास होता है। हम इंसान जानवरों को प्यार देते है तो वे इसके बदले वफादारी निभाता है। हम ऐसे ही पशु प्रेमी के बारे में पाठकों को बताने जा रहे है। इन पशु प्रेमी ने जब ऊंटनी खरीदी और काम-धंधा शुरू किया तो उस पर करीब पांच लाख का कर्जा था। पांच साल में ही इस परिवार के वारे-न्यारे हो गए। फिर आठ साल ऊंटनी से बोझ ढोने की बजाय परिवार ने पूरी सेवा की। उसकी मौत के बाद अब इस परिवार ने ऊंटनी की याद में मंदिर बना दिया है। राजस्थान से ऊंटनी की हुबहू मूर्ति बनवा दी है। चार दिन बाद 31 मार्च को यह परिवार इस मूर्ति की स्थापना करेगा और उसका काज भी करेगा। इस दिनों पूरा परिवार इस तैयारियों में जुटा है।

नारनौल- नांगल चौधरी मार्ग पर गांव कांवी है। राज्य मंत्री डा. अभय सिंह यादव इसी गांव से है। इस गांव की ढाणी मुरारीपुर है। इस ढाणी में शीशपाल का परिवार रहता है। शीशपाल पहले राजस्थान के कोटा में मजदूरी करता था। साल 2004 में वापस आया और परिजनों के मना करने पर भी गांव सेका से ऊंटनी व गाड़ी 14 हजार कीमत में खरीद लाया। उस वक्त परिवार की खस्ता हालत थी। कर्जा भी करीब पांच लाख सिर पर था। फिर भी शीशराम मेहनत में जुट गया। इस ऊंटनी के घर आंगन में पड़े पैर से परिवार के वारे-न्यारे हो गए।




**नारनौल।** ऊंटनी की याद में बनाया गया मंदिर और शीशराम के साथ ऊंटनी की फाइल फोटो।

चार बेटों में से दो बेटे मनपाल व उदमीराम जमींदारा, तीसरा बेटा रामभरोस का मारूति पाट्‌र्स बनाने वाली जापान की कंपनी में मैनेजर बन गया। चौथे बेटे ने गांव में टैण्ट हाउस का काम शुरू किया। देखते ही देखते साल 2011 में ट्रैक्टर व 2012 में पिकअप खरीदी। 2013 में टैण्ट हाउस का काम शुरू किया। साल 2017 में कार खरीदी। पिछली दिवाली पर दूसरी गाड़ी घर में आई। शीशराम के पौत्र-पौत्री भी अच्छी शिक्षा ग्रहण कर रहे है।

शीशराम के बेटे रामभरोस बताते है कि माता कमला ने तो दो साल बाद ही ऊंटनी घर में शुभ आने की बात कहकर पूरी सेवा करने व काज करने की इच्छा जता दी थी। बीच में नवंबर-2016 में भाभी का निधन, फिर दिसंबर-2016 में ऊंटनी की मौत और साल 2022 में माता कमला देवी के निधन हो जाने के बाद यह कार्य आगे खिसकता चला गया।

### खुशहाल हुआ परिवार

ऊंटनी के पैर घर में पड़ने पर आई खुशहाली पशुप्रेमी शीशराम के बेटे रामभरोसे ने हरिभूमि से बातचीत करते हुए बताया कि मुरारीपुर में ही ऑन रोड उनकी जमीन है। यहां मंदिर बना दिया गया है। राजस्थान के पाटन में गुरजली की ढाणी से स्पेशल ऊंटनी की तस्वीर देकर 39 इंच चौड़ी व 48 इंच लंबाई की मूर्ति बनवाई है। इसे मंदिर में रखा गया है। इसी ऊंटनी की वजह से परिवार में खुशहाली आई है, ऐसा हमारा पूरा परिवार मानता है। इसी वजह से 31 मार्च को परिवार ऊंटनी की मूर्ति स्थापना व काज कर रहा है। इस दिन कीर्तन के बाद दिन में भी चार हजार लोगों के भोजन की व्यवस्था की गई है।

## घोषणा के बावजूद जिले में पहले ही दिन एमएसपी पर नहीं हो पाई सरसों की खरीद


# खरीद पोर्टल नहीं हुआ अपडेट, नारनौल मंडी में पहुंचे किसानों के नहीं कटे गेटपास

### जिले में 6 केंद्रों पर होनी है सरसों खरीद पहले दिन आधे अधूरे प्रबंध बने बाधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

चुनावों को मद्देनजर रखते हुए बेशक से प्रदेश सरकार ने इस बार रबी सीजन की सरसों फसल की खरीद पारंपरिक एक अप्रैल की तुलना में पांच दिन पहले 26 मार्च से शुरू करने का आदेश जारी कर दिया था, लेकिन आधू-अधूरे इंतजामों की वजह से महेंद्रगढ़ जिले में पहले दिन सरसों की सरकारी समर्थन मूल्य पर खरीद शून्य रही। जिले में सरसों के छह परचेज सेंटर बनाए गए हैं, लेकिन किसी में भी पहले दिन सरसों खरीद नहीं हो सकी। अधिकारी मंडियों में सरसों नहीं पहुंचना बता रहे हैं, वहीं ई-खरीद पोर्टल पर गेट पास नहीं कटना इसका प्रमुख कारण रहा है। दोपहर तक पोर्टल पर गेट पास नहीं कट रहे थे। सुबह उसमें प्रोडेक्शन कॉलम पर कुछ दिखा ही नहीं रहा था। नारनौल मंडी में दो किसान सरसों लेकर पहुंचे, लेकिन गेटपास नहीं कटने पर वह निराश होकर लौट गए। हालांकि शाम होते-होते पोर्टल ठीक से काम करने लगा, लेकिन तब तक किसान जा चुके थे। किसान खरीद चालू करने व नियमों की जानकारी लेते दिखे।

देश में आमचुनाव का बिगुल बज चुका है, वहीं हरियाणा को भी नायब सिंह सैनी के रूप में नया सीएम मिल चुका है। सीएम के साथ ही मंत्रीमंडल का भी गठन हो चुका है। इसके बावजूद जब मंत्रीमंडल गठन नहीं हुआ था, तब ही प्रदेश सरकार ने 26 मार्च से मंडियों में रबी खरीद चालू करने का निर्णय ले लिया था। बाद में मंत्रीमंडल भी तैयार हो गया, लेकिन इस आनन-फानन में खरीद प्रक्रिया से जुड़ी तैयारियां आधी-अधूरी ही रही। शुरू में डाटा मिसमैच की लगभग प्रत्येक जिले में सामने उभरकर सामने आ गई। इस पर सरकार ने प्रशासनिक अधिकारियों को महज तीन दिन में इस कार्य को पूरा करने के आदेश जारी किए। यह कार्य पूरा करते इसी दौरान होली-धुलंडी पर्व आ गए। अब मंगलवार तो दफ्तर खुले तो 26 तारीख आ गई और सरसों खरीद की तैयारियां अधूरी ही रह गई। कमाल की बात है कि सरसों की खरीद मंडी के आढ़तियों के जरिये की जाती है, लेकिन अब तक उनके साथ ही अधिकारियों की मीटिंग नहीं हो पाई। जिस कारण उन्हें सरसों खरीद नीतियों से अवगत नहीं करवाया जा सका। कमाल की बात यह भी रही कि पहले दिन 26 मार्च को खरीद एजेंसी की तरफ से कोई अधिकारी मंडी नहीं पहुंचे तथा न ही मार्केट कमेटी के अधिकारियों से तालमेल किया। इतना ही नहीं, मंडियों किसानों की भीड़ पहुंचने के मद्देनजर गेटों पर पुलिस तो तैनात कर दी, लेकिन मार्केट कमेटी वाले गेटपास ही नहीं काट सके। सुबह जब मंडी खुली तो इक्का-दुक्का किसान मंडियों में सरसों लेकर आने लगे, लेकिन मार्केट कमेटी गेटपास नहीं कटने का हवाला दिया गया। खरीद पोर्टल काम नहीं कर रहा तथा गेट पास नहीं काट पा रहे। हालांकि अनेक किसान बिना सरसों के भी मंडी में पहुंचे और खरीद की जानकारी जुटाने तक सीमित रहे। यह स्थिति जिलेभर की अन्य मंडियों की भी रही। शुरूआत में सरसों की खरीद हैफेड नेफेड के लिए करेगी।




**नारनौल।** मंडी गेट पर तैनात की गई महिला पुलिस कर्मी व मंडी में सरसों से भरी खड़ी पिकअप। फोटो : हरिभूमि

### हम खरीद को तैयार

खरीद एजेंसी हैफेड के डीएम प्रवीण भारद्वाज ने बताया कि वह सरकारी रेट पर सरसों की खरीद करने को तैयार हैं। बशर्ते किसान सरसों को अच्छी तरह सूखाकर और साफ-सुथरी लेकर आए। उन्होंने बताया कि आज पहले दिन मंडियों में कोई गेट पास नहीं कटे। जिस कारण खरीद नहीं हो पाई। बुधवार से खरीद शुरू होने की संभावना है।

### यह बोले मंडी आए किसान

पहले दिन मंडी में गेट पर दो महिला पुलिस कर्मी तैनात थी। मंडी में दो किसान सरसों लेकर पहुंचे। एक गेट पास नहीं कटने पर पहले ही वहां से चला गया। दूसरे किसान हाजीपुर निवासी रिटायर्ड सूबेदार मेजर अभयसिंह ने बताया कि वह मंडी में प्रातः 9 बजे पिकअप लेकर आ गया था। करीब 26 क्विंटल उसके पास सरसों है, लेकिन दोपहर हो गई अब तक गेट पास नहीं काटा जा सका है।



अभय सिंह किसान

### 5650 रखा है रेट

इस बार सरसों का सरकारी समर्थन मूल्य 5650 रुपये प्रति क्विंटल रखा है। 26 मार्च से सरसों की खरीद शुरू होनी थी। सरसों के अलावा गेहूं एवं चना की सरकारी खरीद एक अप्रैल से की जानी है। सरकार ने गेहूं का रेट 2275 रुपये, चना 5450 रुपये तथा जौ 1850 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया है।

### मिसमैच डाटा किया पूरा

इस बार सरसों का डाटा मिसमैच होने के कारण भी खरीद पोर्टल अपडेट नहीं था। जिस कारण गेटपास नहीं काटे जा सके। जिला महेंद्रगढ़ में 80,860 पंजीकृत किसानों ने 2,98,819 एकड़ में सरसों की फसल बोई हुई है। जिसमें से 44572 एकड़ एरिया का डाटा मिसमैच रहा था। यानि इस एरिया में किसान ने बोया कुछ और था और पोर्टल पर फसल कुछ और दिखा रहा था। यदि यह डाटा मैच नहीं कराया जाता तो मिसमैच में फंसे किसानों के न तो गेट पास कटते और न ही वह सरकारी रेट पर अपनी सरसों बेच पाते, जिससे सरकार की किरकिरी होती। इसी कारण खरीद शुरू करने से पहले सरकार ने मिसमैच डाटा को दुरुस्त कराना बेहतर समझा और मंगलवार को यह डाटा मैच कर दिया गया। पूरी स्टेट में जिला महेंद्रगढ़ इस कार्य में तीसरे नंबर पर रहा। पहले पर हिसार एवं दूसरे पर कैथल रहा। डीआरओ सुशील अत्तरी ने बताया कि डाटा दुरुस्त कर दिया है। अब किसी को परेशानी नहीं आएगी।

### एसडीएम ने किया मंडी का दौरा, फसल खरीद का लिया जायजा

**महेंद्रगढ़।** एसडीएम संजीव कुमार ने मंगलवार को रबी फसल की सरकारी खरीद की तैयारी का जायजा लिया। उन्होंने अनाज मंडी में पहुंचकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने अधिकारियों को कहा कि अनाज मंडी में फसल की बिक्री के दौरान किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने मंडी में सभी प्रकार की मूलभूत सुविधाएं दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। उन्होंने बिजली पानी तथा साफ-सफाई के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि टोकन के दौरान गेट पर किसी प्रकार की भीड़ नहीं होनी चाहिए। किसानों को सही समय पर टोकन दिया जाए। एसडीएम ने अनाज मंडी के अलावा वेयरहाउस, हैफेड गोदाम आदि में जाकर रबी फसल की खरीद की तैयारियों का निरीक्षण किया गया।



### डीसी ने रबी फसल की खरीद को लेकर अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की

**नारनौल।** उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने रबी फसल की सरकारी खरीद की सुचारू रूप से बिक्री के लिए जिले के सभी एसडीएम को अपने-अपने उप-मण्डल क्षेत्र में परिवहन प्रबंधक अधिकारी लगाया है। इसके अलावा अतिरिक्त उपायुक्त को ऑल ऑवर इंचार्ज व नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। डीसी ने कहा कि रबी फसलों की खरीद के दौरान प्रतिदिन मंडियों से लेकर गोदामों तक खाद्यान्नों का उठान करने के लिए जिले के समस्त एसडीएम को अपने-अपने उप-मण्डल क्षेत्र में परिवहन की व्यवस्था देखनी होगी। डीसी ने कहा कि खरीद सीजन के दौरान खाद्यान्नों की खरीद के सुचारू संचालन के लिए दिन-प्रतिदिन मंडियों को खाली करना अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि गेहूं के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य 2275 रुपये रखा गया है, जबकि सरसों के लिए 5650 एमएसपी निश्चित है। इसी प्रकार चना फसल के लिए 5440 न्यूनतम समर्थन मूल्य निर्धारित किया गया है। किसानों के लिए जिला प्रशासन ने सभी प्रकार की तैयारियां पूरी कर ली है। मंडियों में बिजली-पानी सहित तमाम प्रकार की व्यवस्थाएं रखने के निर्देश दिए गए हैं।

### एक की ट्रेन से गिरकर और दूसरे की तबीयत बिगड़ने से मौत

**नारनौल।** क्षेत्र में घटित अलग-अलग घटनाओं में दो युवकों की मौत हो गई। पुलिस ने मामलों में आवश्यक कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम करवाकर शव परिनजों को सौंप दिए।

पहली घटना के मुताबिक गांव नांगल सिरोही के मोहल्ला जोगियां वाला निवासी करीब 24 वर्षीय मनीष कुमार मंगलवार प्रातः ट्रेन से नारनौल से गुरुग्राम जा रहा था। जब नारनौल से चलकर ट्रेन सराय बहादुर नगर के समीप से गुजर रही थी, तब संतुलन बिगड़ने के कारण मनीष कुमार ट्रेन से गिर गया और उसके शरीर पर लगी गंभीर चोटों से उसकी मौत हो गई। सुबह करीब पौने सात बजे जीआरपी नारनौल को फोन से सूचना मिली, जिस पर मौके पर पुलिस पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू की। परिजनों के आने पर उन्होंने शिनाख्त मनीष कुमार के रूप में की। पुलिस ने परिजनों के बयान पर इत्तेफाकिया हादसे की कार्रवाई करने उपरांत शव का जिला नागरिक अस्पताल से पोस्टमार्टम कराया तथा उसे परिजनों को सौंप दिया। परिजनों ने गमगीन माहौल में गांव जाकर शव का अंतिम संस्कार कर दिया। मृतक अविवाहित था।

#### संदिग्ध परिस्थितियों में गई जान

दूसरी घटना के अनुसार गांव बलाहा खुर्द में करीब 24 वर्षीय युवक अजय कुमार की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। हालांकि परिजन उसे उपचार के लिए नारनौल एवं रेवाड़ी लेकर गए, लेकिन वह बच न सका। जानकारी के अनुसार अजय कुमार एमए प्रथम वर्ष का छात्र था और पीजी कॉलेज नारनौल में पढ़ाई करता था। धुलंडी के दिन वह गांव में ही था और दोस्तों के साथ धुलंडी खेलने गांव में गया था। वह दोपहर को घर वापिस भी आ गया था, लेकिन उसकी तबीयत बिगड़ गई। परिजन उसे उपचार के लिए नारनौल लेकर आए, लेकिन यहां से रेफर कर दिया। जिस पर उसे रेवाड़ी ले जाया गया। रेवाड़ी में चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। रामनरेश ने बताया कि अजय के साथ क्या और कैसे हुआ, कुछ समझ नहीं आ रहा। वह अविवाहित था और दो भाईयों में बड़ा था। छोटा एनआईटी की पढ़ाई कर रहा है। उसकी अचानक हुई मौत से सभी परिजन ही नहीं, ग्रामीण भी हतप्रभ हैं। अजय की मौत होने पर गहली पुलिस नारनौल अस्पताल पहुंची और परिजनों के बयान दर्ज किए। फिलहाल पुलिस ने 174 के तहत कार्रवाई की है। अब परिजनों को पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने का इंतजार है, ताकि उसके मरने के कारणों का पता चल सके।

- पीजी कॉलेज नारनौल में एमए द्वितीय वर्ष का छात्र था अजय

## गेवानी, सिहोर, कोका व भोजावास में होली पर खेल प्रतियोगिताओं और मेलों का आयोजन

# गैबीराम मेलाः अमित गणियार ने जीता 51 हजार का इनामी कुश्ती दंगल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंडी अटेली

क्षेत्र के गांव गुवानी में बाबा गैबीराम का मेला एवं खेलकूद प्रतियोगिता धूमधाम से सम्पन्न हो गए। इस मेले में गांव की सरपंच रीना यादव ने खेल विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। 51 हजार की कुश्ती प्रतियोगिता में हनुमान अखाड़ा के पहलवान को हराकर अमित गणियार ने जीती। मेले में हरियाणा स्टाइल कबड्डी प्रतियोगिता में प्रथम विजेता टीम अखेरी को 51 हजार व द्वितीय हिसार को 31 हजार रुपये का नगद पुरस्कार दिया गया। वहीं वॉलीबाल प्रतियोगिता में प्रथम 51 हजार का पुरस्कार राज राइफल व द्वितीय 31 हजार पुरस्कार हमीदपुर को दिया गया। इस मौके पर गांव की सरपंच रीना यादव ने कहा कि हमारे गांव में हर वर्ष धुलंडी पर पर विभिन्न प्रकार की खेल प्रतियोगिताएं होती है।



हमारा गांव कई सालों से बाबा गैबीराम के नाम व आशीर्वाद लेकर मेले की शुरुआत करता है। खेलकूद से न सिर्फ स्वास्थ्य, बल्कि रोजगार एवं यश तथा सम्मान भी प्राप्त होता है। कई देशों में यह देखने में आया है कि खेलों का अप्रत्यक्ष रूप से संबंध देश के विकास से भी होता है। वर्तमान समय में लोगों के खेलों के प्रति नजरिये में काफी बदलाव आया है। इस मौके पर सरपंच प्रतिनिधि दिनेश यादव, भूपसिंह, अनिल शर्मा, अजय, तेज प्रकाश, सज्जन सिंह, संतोष, झल्लूराम, सुरेंद्र, डॉ. रोशनलाल भाटिया, अजय सिंह महेंद्र शर्मा, दिनेश, कंवर सिंह व संजय इत्यादि मौजूद रहे।

### कोका में हरियाणा स्टाइल कबड्डी, भोजावास में डू एंड डाई कबड्डी प्रतियोगिता

**नारनौल।** गांव सिहोर में बाबा ब्रहमचारी, कोका में बाबा जवाहरदास व भोजावास बाबा हेमादास की स्मृति में मेला तथा खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। मुख्य अतिथि बसपा नेता अतरलाल ने सभी जगह पहुंचकर खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया तथा मंदिरों में धोक लगाकर समाज में सुख शांति की प्रार्थना की। सिहोर व कोका में हरियाणा स्टाइल कबड्डी तथा भोजावास डू एंड डाई कबड्डी प्रतियोगिता के साथ लड़के व लड़कियों की दौड़ तथा कुश्ती दंगल आयोजित किए। अतरलाल ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि ग्रामीण प्रतियोगिताओं से ग्रामीण युवाओं को आगे बढ़ने का मौका मिलता है तथा प्रतिभाएं निखरती हैं।

खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित करने के लिए तीनों गांव के ग्रामीणों तथा युवा मंडलों का धन्यवाद करते हुए युवाओं से अपने जीवन में खेलों को अपनाने की अपील की। प्रतियोगिता स्थल पर पहुंचने पर मेला समितियों ने अतरलाल का साफा पहनाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर मंदिरों में भंडारे आयोजित किए गए। इस मौके पर देवव्रत प्रधान, हरीश सरपंच, सूरजभान सरपंच, कुलदीप सरपंच, भागसिंह चेयरमैन, कैलाश सेठ, छाजूराम, रामेश्वर पंच, रामनिवास, दौलतराम चेयरमैन, ओमबीर सिंह, लीलाराम, टेकचंद, कैलाश सोनी, समय पहलवान, बल्लूराम प्रधान, रामकुमार, विकास, वेद, रामौतार, गजराज, विजय फौजी, अजय, रोहताश, संजय मास्टर, नत्थूराम मौजूद रहे।






# आएगा सत्यप्रेम की कथा का सीक्वल

मुंबई। कार्तिक आर्यन और कियारा आडवाणी की फिल्म 'सत्यप्रेम की कथा' पिछले साल प्रदर्शित हुई थी। इस फिल्म को दर्शकों का अच्छा प्रतिसाद मिला था, जिसकी बदौलत इसने न सिर्फ अपनी लागत वसूलने में कामयाबी पाई अपितु निर्माता और वितरकों को मुनाफा भी हुआ। इस फिल्म से पहले कार्तिक और कियारा 'भूल भुलैया 2' में भी साथ काम कर चुके थे। उनकी केमेस्ट्री सबको अच्छी लगी। यह जोड़ी 'सत्यप्रेम की कथा' के सीक्वल में दोबारा दिखाई दे सकती है। फिल्म की प्रोड्यूसर शरीन मंत्री ने अपने एक इंटरव्यू में फिल्मों के कई पहलुओं पर चर्चा की और 'सत्यप्रेम की कथा 2' के बारे में भी बात की।

लाइफ Style




# उर्वशी

## ऋषभ संग शादी पर दिया जवाब

बॉलीवुड एक्ट्रेस उर्वशी रौतेले का नाम जब भी लिया जाता है, तो अपने आप ही लोगों की जुबान पर क्रिकेटर ऋषभ पंत का नाम आ जाता है। उर्वशी ने अपने काम से ज्यादा क्रिकटर संग अपनी कंट्रोवर्सी से सुर्खियां बटोरी है। मिस यूनिवर्स इंडिया 2015 का टाइटल जीतने वाली उर्वशी जल्द ही फिल्म जेएनयू में नजर आने वाली है और एक्ट्रेस अपनी फिल्म का जमकर प्रमोशन कर रही हैं।

मुंबई। इस फिल्म के प्रमोशन के बीच उर्वशी ने हाल ही में दिए इंटरव्यू में सुष्मिता सेन के उनसे मिस यूनिवर्स इंडिया 2012 का टाइटल छीनने को लेकर बड़ा खुलासा किया था। इसी बीच अब एक्ट्रेस ने भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाड़ी ऋषभ पंत से शादी के सवाल पर रिएक्शन दिया है। दरअसल, उर्वशी ने हाल ही में इंटरव्यू के दौरान अपने फैंस के सवालों के जवाब दिए। इस दौरान एक्ट्रेस से वो सवाल पूछे गए, जो अक्सर ही फैंस उनसे करते रहते हैं। पहले तो उर्वशी रौतेला ने काफी आराम से होस्ट को उनका सवाल पूरा करने दिया। इस सवाल पर हर कोई उर्वशी के जवाब का इंतजार कर रहा था। होस्ट से लेकर फैंस सभी उम्मीद लगाकर बैठे थे कि एक्ट्रेस क्रिकेटर संग शादी के सवाल पर क्या बोलेंगी। मगर उर्वशी ने सभी की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। उर्वशी ने ऋषभ पंत संग शादी के सवाल पर जवाब में बोली, 'कोई कमेंट नहीं।' उर्वशी और ऋषभ का रिश्ते की सच्चाई क्या है, ये तो दोनों स्टार्स ही अच्छे से जानते हैं। मगर एक समय पर दोनों के रिलेशनशिप की खबरों ने खूब तूल पकड़ा था। लेकिन तब दोनों ने ही इन्हें अफवाह बताया था। साल 2018 में इन दोनों कई बार एक जगह पर स्पॉट किया गया है, फिर उस साल के बाद दोनों ने एक-दूसरे को व्हाट्सएप पर ब्लॉक तक दिया था। सोशल मीडिया पर दोनों क्रिप्टिक नोट लिखकर एक-दूसरे पर अपनी भड़ास भी निकालते रहे हैं, लेकिन जब ऋषभ का एक्सीडेंट हुआ था।

# एमिली ने शो की डाइवोर्स रिंग



**लॉस एंजेलिस।** आपने इंगेजमेंट रिंग के बारे में तो सुना है, लेकिन क्या कभी डाइवोर्स रिंग के बारे में सुना है। बदलते ट्रेंड में अब ये अब ये एक चीज भी जुड़ गई है। इसका श्रेय जाता है एक्ट्रेस एमिली रताजकोस्की को। एमिली ने अपनी क्रिएटिविटी का इस्तेमाल करते हुए इंगेजमेंट की अंगूठी को नया लुक देकर उसे अपने तलाक से जोड़ा है। बता दें कि एक्ट्रेस ने 2022 में तलाक लिया था। वहीं, अलग होने के बाद अब एमिली अपनी बिखरी शादीशुदा जिंदगी को लेकर खुलकर बात कर रही हैं। उन्होंने हाल ही में एक फोटो शेयर की, जिसमें उन्हें सगाई की अंगूठी को नए तरह की डिजाइन देकर सेलिब्रेट करते देखा जा सकता है। इस वायरल फोटो पर एक्ट्रेस ने बताया कि ये अंगूठियां उनके व्यक्तिगत विकास का प्रतिनिधित्व करती हैं। एमिली ने कहा, मुझे नहीं लगता कि किसी महिला को सिर्फ इसलिए उसे दिया गया डायमंड नहीं पहनना चाहिए क्योंकि वह किसी शख्स से अलग हो गई है। एमिली ने कहा कि इन अंगूठियों को पहन उसे ऐसा एहसास होता है, जैसे वह खुद को उस तरह से खुश रख सकती हैं, जैसे उन्होंने पहले कभी सोचा भी नहीं था।



# होली के रंगों में रंगी यामी

मुंबई। आम जनता से लेकर बॉलीवुड में होली त्योहार की धूम देखने को मिल रही है। वहीं इन दिनों प्रेग्नेंसी पीरियड एंजॉय कर रही एक्ट्रेस यामी गौतम पर तो होली से पहले ही इसका रंग चढ़ गया है। हाल ही में यामी की कुछ तस्वीरें सामने आईं हैं, जिसमें वह होली के रंग में रंगी नजर आ रही हैं। उन्होंने व्हाइट सूट पेयर किया है। तस्वीरों में यामी के हाथों में येलो रंग देखने को मिल रहा है। इसके साथ ही उन्होंने अपने गालों पर भी पीला और गुलाबी रंग लगाया है। यामी के चेहरे पर बड़ी सी मुस्कान देखने को मिल रही है। फैंस उनकी इन तस्वीरों को काफी पसंद कर रहे हैं। काम की बात करें तो यामी हाल ही में फिल्म 'आर्टिकल 370' में नजर आईं थीं। फिल्म ने दबे पांव वर्ल्डवाइड 100 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया है। यामी अपने अभिनय से दर्शकों को बेहद प्रभावित करतीं है। इसके साथ ही उनकी सुंदरता के लोग कायल और दीवाने है।




# ऋतिक रोशन ने की अनन्या की तारीफ

मुंबई। एक्टर ऋतिक रोशन ने फिल्म 'खो गए हम कहां' में एक्ट्रेस अनन्या पांडे की जमकर तारीफ की। पिछले साल दिसंबर में रिलीज फिल्म का निर्देशन अर्जुन वरैन सिंह ने किया है। इसमें सिद्धांत चतुर्वेदी, अनन्या और आदर्श गौरव मुख्य भूमिका में हैं। यह तीन दोस्तों की कहानी है, जो सोशल मीडिया के दबाव के बावजूद अपने लक्ष्य और रिश्तों को आगे बढ़ाते हैं। एक्स पर ऋतिक ने लिखा कि कुछ दिन पहले 'खो गये हम कहां' देखी। मैंने इसका भरपूर आनंद लिया। यह कोई आसान शैली नहीं थी। अनन्या पांडे आप एक स्टार हैं। सिद्धांत चतुवेर्दी और आदर्श गौरव आप लोगों का प्रदर्शन क्या शानदार था। अर्जुन वरैन ने बहुत अच्छा निर्देशन किया है। पूरी टीम को बधाई, यह फिल्म अवश्य देखनी चाहिए। फाइटर स्टार को जवाब देते हुए अनन्या ने कहा कि ऋतिक सर, आपने मेरा दिन बना दिया, आपके प्यारे शब्दों और सराहना के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद। यह मेरे लिए बहुत प्रेरक है।

# अदा ने डांस बार में बिताई रातें

मुंबई। एक्ट्रेस अदा शर्मा ने 'सनफ्लॉवर 2' में अपनी भूमिका को लेकर खुलासा किया है। एक्ट्रेस का कहना है कि उन्होंने अपनी भूमिका के लिए एक डांस बार में रातें बिताईं। वह स्क्रीन पर प्रभावकारी दिखना चाहती थीं। एक्ट्रेस अदा शर्मा ने कहा कि मैं प्रभावकारी दिखना चाहती थी। यह सिर्फ इस बारे में नहीं है कि आप डांस कब कर रहे हैं बल्कि यह इस बारे में है कि आप कैसे बैठते और खड़े होते हैं और परफॉर्मेंस नहीं करने के दौरान आप अपने शरीर के साथ कितने सहज हैं। एक्ट्रेस ने कहा कि वह कभी-कभी ध्यान देने के लिए डांस बार में सुबह 5 बजे तक रुकती थीं। एक्ट्रेस ने आगे कहा कि वे इतने अच्छे थे कि उन्होंने मुझे बार में रुकने और चीजों को देखने की इजाजत दी। कस्टमर्स से बात करते समय उनके आत्मविश्वास को मैंने देखने की कोशिश की। मैं रात को 9 बजे जाती थी, कभी-कभी सुबह 4 से 5 बजे तक रुकती थी। वेब सीरीज 'सनफ्लॉवर' सीरीज एक हाउसिंग सोसाइटी के निवासियों के जीवन पर आधारित है। वे एक हत्या के रहस्य में उलझ जाते हैं। इसमें सुनील ग्रोवर और मुकुल चड्ढा मुख्य भूमिका में हैं।





# इस साल पहली बार अपने नन्हे-मुन्नों के साथ होली सेलिब्रेट करेंगे ये सितारे

मुंबई। इस बार फिल्म जगत के कई सितारों के लिए रंगों का त्योहार और भी रंगीन होने वाला है, क्योंकि वे पहली बार अपने नन्हे-मुन्नों के साथ होली खेलने जा रहे हैं। पहली बार अपने बच्चों के साथ होली खेलने वालों की लिस्ट में राम चरण-उपासना से लेकर विराट-अनुष्का तक शामिल हैं।



### अनुष्का-विराट

अनुष्का शर्मा और विराट कोहली फरवरी 2024 में दूसरी बार माता-पिता बने हैं। अनुष्का-विराट के घर बेटे अकय कोहली का जन्म हुआ है। यह अनुष्का और विराट की अकाय कोहली के साथ पहली होली होगी।

### राम चरण-उपासना

सुपरस्टार राम चरण और उपासना शादी के कई सालों बाद साल 2023 में एक बेटी के माता-पिता बने। इस कपल की बेटी के साथ ये पहली होली है।

### विक्रांत मैसी-शीतल ठाकुर

एक्टर विक्रांत मैसी के लिए साल 2023 धमाकेदार रहा है। विक्रांत को उनकी 12वीं फेल फिल्म से पूरी दुनिया में पहचान मिली, वहीं उनके बेटे का जन्म भी हुआ। विक्रांत और शीतल की अपने बेटे के साथ ये पहली होली है।

### रुबिना-अभिनव शुक्ला

एक्ट्रेस रुबिना दिलैक को नवंबर 2023 में जुड़वां बच्चे हुए थे। इस बार रुबिना और अभिनव पहली बार अपनी जुड़वां बेटियों के साथ होली मनाएंगे।

### इशिता दत्ता-वत्सल सेठ

दृश्यम फेम एक्ट्रेस इशिता दत्ता और वत्सल सेठ के घर जुलाई 2023 में एक बच्चे का जन्म हुआ। बेटे के साथ इस कपल की यह पहली शादी होगी।

# रकुल ने कहा- मुझे 15 बार कॉल करने की जरूरत नहीं



मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह और जैकी भगनानी बी-टाउन के पावर कपल में से एक हैं। हाल ही में जैकी और रकुल ने शादी रचाई है। दोनों की शादी की तस्वीरें सोशल मीडिया पर खूब छाई रहीं। ये कपल फिलहाल शादी के शुरुआती दिनों का आनंद ले रहा है। इसी बीच अभिनेत्री रकुल प्रीत अपने पति जैकी के साथ अपने संबंधों के बारे में खुलकर बात करती नजर आई हैं। अभिनेत्री ने कहा, 'हम एक व्यक्ति के रूप में संपूर्ण हैं। साथ मिलकर हम अधिक खुश हैं। मुझे उन्हें दिन में 15 बार कॉल करने की जरूरत नहीं है कि मैं बोर हो रही हूं। आप कैसे हैं। मुझे यह पता लगाना होगा कि मुझे अपनी लाइफ में क्या करना है, उनके लिए भी यही बात है। हम दोनों जब भी साथ होते हैं,

# होली में नहीं होंगे बोर, बिंज वॉच कर डाले ये शानदार फिल्में और सीरीज

मुंबई। कुछ लोग होली का त्योहार मनाना पसंद करते हैं तो वहीं कुछ लोग ऐसे भी हैं जो घर पर बैठकर होली एंजाय करते हैं। अगर आप भी उनमें से एक हैं तो आज हमारे पास आपके लिए कुछ ऐसे वेब-ऐप्स हैं। इसे देखने के बाद आपका होली का त्योहार बहुत अच्छा बीतेगा और आप घर बैठे बिल्कुल भी बोर नहीं होंगे।




### ऐ वतन मेरे वतन

इस हफ्ते अमेज़न प्राइम वीडियो पर सारा अली खान की फिल्म ऐ वतन मेरे वतन रिलीज हुई है। यह एक देशभक्ति फिल्म है, जिसमें सारा अली खान ने उषा मेहता नाम की एक साहसी लड़की का किरदार निभाया है।

### अनैटमी ऑफ अ फॉल

फिल्म एनाटॉमी ऑफ द फॉल डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर रिलीज हो गई है। इस फिल्म की कहानी एक ऐसे बेटे की है जो अंधा है। और वह जानता है कि उसकी माँ ने उसके पिता को मार डाला है।




### फाइटर

अगर आपने अभी तक इस साल की सबसे चर्चित और सबसे ज्यादा कमाई करने वाली ऋतिक रोशन, दीपिका पादुकोण और अनिल कपूर की फिल्म फाइटर नहीं देखी है तो बता दें कि अब यह फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज हो गई है। जिसे आप ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।

### ओपेनहाइमर

एमिली ब्लंट और किलियन मर्फी अभिनीत इस साल की सबसे अधिक ऑस्कर विजेता फिल्म ओपेनहाइमर भी ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज हो गई है। जिसे आप जियो सिनेमा पर जाकर देख सकते हैं।




### लुटेरे

इस हफ्ते डिज्नी+हॉटस्टार पर वेब सीरीज लुटेरे रिलीज हुई है। जो कि जाधव परिवार की कहानी है, जो बिहार से केन्या शिफ्ट हो जाता है। इस फिल्म की कहानी काफी दिलचस्प है।

## खबर संक्षेप



नारनौल। स्वर्गीय राव अभय सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देते पूर्व शिक्षामंत्री रामबिलास शर्मा।

### पूर्व शिक्षामंत्री रामबिलास शर्मा ने जताया शोक

**नारनौल।** पूर्व शिक्षामंत्री प्रो. रामबिलास शर्मा ने मंगलवार को पूर्व मंत्री स्वर्गीय राव सुजान सिंह के पुत्र राव अभय सिंह के आवास पहुंचकर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। शर्मा ने कहा कि राव सुजान सिंह का राजस्थान की राजनीति के साथ-साथ हरियाणा की राजनीति में बहुत बड़ा नाम था। राव अभय सिंह ने भी अपने जीवन काल में राव सुजान सिंह के पद चिह्न पर चलते हुए हमेशा जनसेवा को अपना कर्तव्य समझा और लोगों की भलाई तथा उत्थान के लिए कार्य किया।



नारनौल। यजमान को स्मृति चिह्न भेंट करते मंडल सदस्य। फोटो: हरिभूमि

### फाग महोत्सव में किया श्रीश्याम बाबा का गुणगान

**नारनौल।** श्रीश्याम आस्था मंडल के तत्वावधान में सोमवार रात को राजकुमार सैनी के निवास किला रोड श्रीनिवास स्थान पर फाग महोत्सव से मनाया गया। इस अवसर पर श्रीश्याम बाबा का दरबार सोनी सुरेश सोनी ने रंग-बिरंगी लाइट व फूलों से सजाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल प्रधान हरिओम गर्ग ने की।

सर्वप्रथम आचार्य योगेश शर्मा ने राजकुमार सैनी से परिवार सहित मंत्र उपचार के बाद बाबा की पवित्र ज्योत प्रज्वलित करवाई।

# इंटरनेशनल कॉमर्स ओलंपियाड में आरपीएस के विद्यार्थियों की शानदार सफलता

- 32 विद्यार्थियों ने जीते मेडल, विद्यालय प्रबंधन ने किया सम्मानित
- हर प्रतियोगिता में आरपीएस के विद्यार्थी अग्रिम पंक्ति में : डॉ. पवित्रा राव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

इंटरनेशनल कॉमर्स ओलंपियाड में आरपीएस के विद्यार्थियों ने दो गोल्ड सहित 32 मेडल जीतकर विद्यालय के साथ-साथ अपने क्षेत्र व प्रदेश का नाम रोशन किया है। विजेता विद्यार्थियों को विद्यालय की चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव, सीईओ इंजी. मनीष राव व प्राचार्य डॉ. किशोर तिवारी सहित सभी शिक्षकों ने बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की। चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव ने कहा कि आरपीएस के उचित मंच के माध्यम से छात्र-छात्राएं देश-प्रदेश के साथ-साथ राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं। उन्होंने कहा कि समय-समय पर आयोजित होने वाली हर प्रतियोगिता में उनके विद्यार्थी अग्रिम पंक्ति में होते हैं। सीईओ इंजी. मनीष राव ने कहा कि आरपीएस ग्रुप निश्चित रूप से अभिभावकों के विश्वास पर बच्चों के उज्वल भविष्य के लिए काम कर रहा है। इस प्रकार की प्रतियोगिताएं बच्चों के उज्वल भविष्य के लिए सार्थक प्रयास है जिसमें अधिक से अधिक बच्चों को इन प्रतियोगिताओं में भाग लेकर इनका लाभ उठाना चाहिए। प्राचार्य डॉ. किशोर तिवारी ने कहा कि ओलंपियाड परीक्षाएं छात्रों को नियमित अभ्यास, पुनरीक्षण की आदतें विकसित करने और शैक्षणिक पाठ्यक्रम के साथ संपर्क में रहने में मदद करती हैं। इससे न केवल उनकी नियमित पढ़ाई में लाभ होता है बल्कि उनकी समझ भी एक स्तर तक बढ़ती है।



महेंद्रगढ़। सफल विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए। फोटो: हरिभूमि

### इनका हुआ चयन

कॉमर्स विभागाध्यक्ष शिव कौशिक ने बताया कि इंटरनेशन कॉमर्स ओलंपियाड में आरपीएस की दीपिका कुमारी और मयंक ने गोल्ड मेडल जीता है। इसके अलावा गोपाल यादव, सुनैना, रतेश कुमार, पवन कुमार, खुशी, केशव, देवांशु, निखिल प्रताप सिंह, अनिका अग्रवाल, मोहित तथा हिमांशु ने सिल्वर मेडल और अंजली, किरण, ऋतिका, प्रिंस, नेहा, धीर अग्रवाल, प्रियांशु यादव, मुकुल, आदित्य, आलोक, हिमांशु, आशीष कुमार, मनु देव, प्रिया, दीपांशु, अंजली, नव्य गुप्ता, सुमित कुमार ने ब्रांज मेडल जीते हैं। इस मौके पर उपप्राचार्य दिनेश कुमार, विंग हैड देवेंद्र पूनिया, डीन एलएन गौड़, विंग हैड जिले सिंह, अमित कुमार, ममता यादव, अनिता अहलावत सहित समस्त स्टाफ सदस्यों ने चयनित छात्र-छात्राओं को बधाई दी है।

## शांतिपूर्ण प्रदर्शन पर पुलिस की बर्बरता पूर्ण कार्रवाई लोकतंत्र के खिलाफ :डा. यादव

# केजरीवाल की गिरफ्तारी व कुरुक्षेत्र में पुलिस की बर्बरता के खिलाफ आप का प्रदर्शन

- चुनाव से ठीक पहले अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार करना भाजपा की तानाशाही : डा. मनीष यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने प्रदेश उपाध्यक्ष डा. मनीष यादव के नेतृत्व में आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी और कुरुक्षेत्र में शांतिपूर्ण प्रदर्शन पर पुलिस की बर्बरता के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। इसमें जिलाध्यक्ष महेंद्र सिंह राता, गिरीश खेड़ा, बहादुर सिंह, जीतू कपिल, संदीप सेठ युवा जिलाध्यक्ष समेत अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस दौरान आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार की तानाशाही के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। उन्होंने कहा कि बीजेपी की तानाशाही का खात्मा आम आदमी पार्टी व अरविंद केजरीवाल करेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की ओर से चुनाव से ठीक पहले अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार करना सरकार की तानाशाही है और भाजपा देश को तानाशाही शासन की ओर ले जा रही है। भाजपा अरविंद केजरीवाल से डरी हुई है। भाजपा की अरविंद केजरीवाल पर कार्रवाई केवल राजनीति से प्रेरित है। उन्होंने कहा पूरा हिंदुस्तान देख रहा है कि भाजपा देश में किस प्रकार लोकतंत्र का हनन कर रही है। भाजपा सरकार महंगाई, बेरोजगारी और बढ़ते अपराध पर बात न करके जनता का ध्यान भटकाना चाहती है, लेकिन अब प्रदेश और देश की जनता भाजपा की मंशा समझ चुकी है। जनता लोकसभा चुनाव में देश के संविधान और लोकतंत्र को बचाने के लिए वोट करेगी। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में जब आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता मुख्यमंत्री नायब सैनी के आवास का घेराव करने गए तो पुलिस ने शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं पर बर्बरतापूर्ण कार्रवाई की, जो देश के लोकतंत्र के लिए बेहद निंदनीय है। उन्होंने कहा कि पुलिस की ओर से की गई कार्रवाई में आम आदमी पार्टी के 55 कार्यकर्ताओं को गंभीर चोटें आई। जिनको कुरुक्षेत्र के सिविल अस्पताल में दाखिल करना पड़ा। पुलिस ने बीजेपी के इशारे पर कार्रवाई करते हुए कार्यकर्ताओं व नेताओं के सिर पर जानलेवा वार किए, किसी का पैर तोड़ दिया तो किसी के हाथ में फैक्चर कर दिया। इसमें आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डा. सुशील गुप्ता व वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा भी गंभीर रूप से घायल हो गए। आम आदमी पार्टी ने आचार संहिता लागू होने के बावजूद पुलिस की इस तरह की बर्बरतापूर्ण कार्रवाई की कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा कि बीजेपी नेताओं के इशारे ये कार्रवाई की गई है।




नारनौल। शहर में प्रदर्शन करते आप कार्यकर्ता। फोटो: हरिभूमि



महेंद्रगढ़। विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए। फोटो: हरिभूमि

# राव जयराम स्कूल में हुआ पारितोषिक वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

राव जयराम स्कूल में मंगलवार को वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्यातिथि राव जयराम शिक्षण संस्थान के डायरेक्टर सुरेंद्र यादव थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विकास यादव ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में कैप्टन हरिसिंह यादव उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान अपनी-अपनी कक्षाओं की वार्षिक परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पारितोषिक एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

संस्थान डायरेक्टर सुरेंद्र यादव ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष का परीक्षा परिणाम सरहनीय रहा है। विद्यार्थियों में एक-दूसरे से अधिक अंक लेने कि प्रतिस्पर्धा थी, जिससे की विद्यार्थियों के कुल प्रतिशत में बहुत कम अंतर देखा गया है। उन्होंने बताया कि 2001 में विद्यालय की स्थापना से लेकर आज 21 वर्षों में राव जयराम स्कूल ने लकड़ी के ब्लैकबोर्ड से स्मार्ट क्लासरूम तक का सफर तय किया है। उन्होंने 27 मार्च से शुरू होने वाले नए शैक्षिक सत्र के लिए सभी को अग्रिम शुभकामनाएं दी। विकास यादव ने सभी कक्षाओं के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वाले विधार्थियों के नाम की घोषणा की। उन्होंने बताया कि आज का विद्यार्थी कल देश का भविष्य बनेगा। यदि हम सब मन लगाकर ईमानदारी से अपने-अपने कार्य में मेहनत करते हैं तो हमारे साथ-साथ हमारे देश का भविष्य भी प्रकाशमय और उज्वल रहेगा। ईमानदारी से की गई मेहनत हमें श्रेष्ठता की और ले जाती है। उन्होंने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि इस परीक्षा परिणाम को वे आने वाले वर्षों में भी बनाए रखेंगे। अंत में मुख्यातिथि एवं अन्य अतिथियों ने सभी विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।



महेंद्रगढ़। होली खेलते स्टाफ सदस्य। फोटो: हरिभूमि

# होली पर्व पर सांस्कृतिक कार्यक्रम ने मचाया धमाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

- तिलक होली खेलने के लिए प्रेरित किया

आरपीएस विद्यालय में होली पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान विद्यालय शिक्षकों ने नाच-गाकर तथा तिलक होली खेली तथा पर्व की बधाई दी। कार्यक्रम में ग्रुप चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव मुख्यातिथि रही, जबकि अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. किशोर तिवारी ने की। इस दौरान ग्रुप सीईओ इंजी. मनीष राव ने भी सभी स्टाफ सदस्यों व बच्चों को होली की शुभकामनाएं देते हुए सभी को पक्के रंगों की बजाय अबीर-गुलाल से तिलक होली खेलने के लिए प्रेरित किया। चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव ने बताया कि जिस प्रकार से होली पर्व को वसंत ऋतु का संदेशवाहक माना जाता है। इस दिन सभी लोग आपसी मतभेद भुलाकर एक-दूसरे को रंग लगाकर गले मिलकर आपसी भाईचारे का संदेश देते हैं। प्राचार्य डॉ. किशोर तिवारी ने कहा कि त्योहार जीवन में नई उमंग और उल्लास लेकर आते हैं। होली का त्योहार तो खासतौर पर इसी के लिए जाना जाता है, जब रंगों के साथ मन का गुबार भी हवा में उड़ा जाता है। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के शिक्षकों द्वारा अनेक सुंदर प्रस्तुतियां दी। शिक्षकों द्वारा भारतीय पर्वों के महत्व को दर्शरते दी गई शानदार प्रस्तुतियों को सभी ने सराहा। महिला शिक्षकाओं द्वारा प्रस्तुत एकल व सामूहिक नृत्य पर खूब तालियां बजी। इस मौके पर अबीर गुलाल से तिलक होली खेलते हुए सभी ने एक-दूसरे को पर्व की बधाई दी। इस मौके पर विद्यालय के समस्त स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।



नारनौल। बैठक में भाग लेते अध्यापक-अभिभावक। फोटो: हरिभूमि

### राजवंशी स्कूल में पीटीएम आयोजित

**नारनौल।** राजवंशी स्कूल दौचाना में छात्र-छात्राओं के शैक्षणिक स्तर के प्रगति की जानकारी के लिए विद्यालय में अभिभावक-शिक्षक सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें पहुंचे अभिभावकों ने बच्चों के शैक्षणिक उत्कर्ष पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए शिक्षकों के साथ उनकी प्रतिभा और बुलंदी प्रदान करने पर मंथन किया। राजवंशी के प्राचार्य दिनेश कुमार ने चेयरमैन रेणु कंवर के साथ अभिभावकों से मिलकर संस्थान के शिक्षक-शिक्षिकाओं के अध्यापन गतिविधि का फीड बैक भी लिया। कैंपस में स्थापित क्लासवार पटल पर पहुंचकर बच्चों के शैक्षणिक प्रगति की भी जानकारी ली। दिनेश कुमार ने कहा कि छात्र-छात्राओं की शैक्षणिक प्रतिभा को नई ऊंचाई पर पहुंचाने में अभिभावकों व शिक्षक-शिक्षिकाओं का महत्वपूर्ण योगदान होता है। प्राचार्य दिनेश सांखला ने अभिभावकों से आह्वान किया कि बच्चों की प्रतिभा को निखारने में विद्यालय परिवार के संकल्प में अपना पूरा सहयोग प्रदान करें।

# स्वामी ब्रह्मानंद योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा केंद्र में होली मिलन समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

धुलंडी पर्व पर प्राकृतिक चिकित्सालय स्वामी ब्रह्मानंद योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा केंद्र में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ट्रस्ट संस्थापक स्वामी ब्रह्मानंद सरस्वती ने किया। कार्यक्रम में हवन यज्ञ भी किया गया, जिसमें मुख्य यज्ञ पूरोहित प्रधान आर्य समाज से भूपेंद्र आर्य रहे, मुख्य यज्ञमान जितेंद्र सिंह खेड़ा पत्नी मीनाक्षी खेड़ा सहित उपस्थित रहें एवं प्राचार्य सुधीर लांबा भी उपस्थित रहे।

इसके बाद महेंद्रगढ़, रेवाड़ी, दादरी आदि जिलों से आए प्रबुद्ध योग एवं प्रकृति प्रेमियों ने मिट्टी स्नान कर स्वास्थ्य लाभ उठाया। मुख्य चिकित्सा प्रभारी डॉ. भंवर सिंह कसाना ने बताया की इस चिकित्सालय में 11 वर्षों से लगातार इस तरह की पहल की जा रही है। क्योंकि कैमिकल युक्त रंगो के प्रयोग से आंख, नाक, कान, बाल और त्वचा के लिए बहुत ही खतरनाक होता है। प्राचीन काल से होली एवं धुलंडी के पर्व पर मिट्टी, राख, पानी एवं प्राकृतिक रंगों से सौहार्दपूर्ण भाव में पूरी दुनिया में इन त्योहारों का आयोजन होता था। उसी परंपरा का पुनः सही तरीके से दोहराने का प्रयास किया जा रहा है। प्राकृतिक चिकित्सालय के प्रधान राजेंद्र सिंह खेड़ा ने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है। गांव सीहमा निवासी योगाचार्य सुरेंद्र और उनकी पूरी टीम ने कार्यक्रम शिरकत की। अन्नाहद् ग्रुप की संचालक शैलजा, वेद प्रचार मंडल अध्यक्ष प्रेमराज ने भी अपने विचार रखे। इस मौके पर गौपथी विशेषज्ञ डॉ. दीपक, एडवोकेट बंसीलाल, मास्टर सुरेंद्र आर्य, राजेंद्र उनिन्दा, डॉ. धर्मवीर सलोनी, संदीप, भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष कंवर सिंह खातोद, पतंजलि जिला प्रभारी निलेश, प्रो. सुभाषचंद्र शर्मा, जयपाल, बलवान फौजी, मास्टर जुगबीर, राजेश सैनी, ईश्वर सैनी, प्रदीप निम्बेड़िया, समाजसेवी नवीन राव, कप्तान सज्जन सिंह झूक, जोगेंद्र, रामकुमार झुकिया, वरिष्ठ योग सहायिका सुनील देवी, कप्तान सुरेंद्र, सुमेर सिंह, डॉ. प्रवीण, डॉ. संतलाल उडीना, बालमुकुंद गुप्ता, रवि सोनी, कैलाश पाली, मनोहर लाल झूकिया, बाबा हरिराम स्वामी, मनीष, वीरेंद्र सैनी एसडीओ व मनोज शर्मा आदि मौजूद रहे।



महेंद्रगढ़। मिट्टी का लेप लगाकर होली खेलते हुए। फोटो: हरिभूमि

## लॉर्ड कृष्णा स्कूल सिहमा में स्पोर्ट्स व डिफेंस एकेडमी का शुभारंभ

**नारनौल।** लॉर्ड कृष्णा स्कूल सिहमा में मंगलवार को स्पोर्ट्स व डिफेंस एकेडमी का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर सर्वप्रथम मां सरस्वती के चरणों में दीप वंदन करके कार्यक्रम की शुरूआत की। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष पृथ्वी सिंह ने बताया लॉर्ड कृष्णा स्कूल में आज डिफेंस एकेडमी का उद्घाटन किया गया है, ताकि क्षेत्र के उन बच्चों की प्रतिभा को देखते हुए उनको वह सारी सुविधाएं दी जा सकें, जो दूसरे राज्य में जाकर प्रशिक्षण हासिल करते हैं। उन्होंने बताया कि डिफेंस एकेडमी का उद्घाटन पूर्व राज्यमंत्री एवं विधायक ओमप्रकाश यादव ने रिबन काटकर किया। उन्होंने बताया कि एकेडमी में प्रशिक्षित कोच नियुक्त किए गए हैं, जो बच्चों की प्रतिभा को देखते हुए उनकी प्रतिभा को तरासने का काम करेंगे। इस अवसर पर स्कूल के बच्चों ने नृत्य प्रस्तुत किया।



नारनौल। सिहमा में स्पोर्ट्स व डिफेंस एकेडमी का उद्घाटन करते पूर्व राज्यमंत्री ओमप्रकाश यादव। फोटो: हरिभूमि



महेंद्रगढ़। विजेता बच्चों को सम्मानित करते हुए। फोटो: हरिभूमि

# टैगोर स्कूल में धूमधाम से मनाई 25वीं वर्षगांठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

टैगोर स्कूल में विद्यालय की 25वीं वर्षगांठ मनाई गई। विद्यालय मीडिया प्रभारी मनीष यादव ने बताया कि टैगोर स्कूल ने 25 वर्ष सफलतापूर्वक पूरे किए। इस उपलक्ष्य पर टैगोर स्कूल ने अपने प्रांगण में 25वर्ष की अपार सफलता पर सिल्वर जुबली का कार्यक्रम आयोजित किया, जिसके मुख्य अतिथि महेंद्रगढ़-भिवानी लोकसभा सीट के सांसद चौधरी धर्मवीर सिंह रहे, जबकि अध्यक्षता स्कूल चेयरमैन डॉ. बीएल यादव ने की। कार्यक्रम में सबसे पहले स्कूल के चेयरमैन डॉ. बीएल यादव व प्राचार्या डॉ. निशा यादव ने सरस्वती मां के चित्र पर पुष्पार्पित कर दीप प्रज्वलित किया। इसके बाद नन्हे-मुन्ने बच्चों ने अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए। होलिया में उड़े रे गुलाल, शिव तांडव व मार्शल आर्ट आदि एक्ट ने कार्यक्रम में पहुंचे मुख्यातिथि व अभिभावक और दर्शकों का मन मोह लिया। मुख्यातिथि ने बताया कि शिक्षा के साथ-साथ बच्चों में संस्कार का होना बहुत ही जरूरी है। अच्छे संस्कार बच्चों में उसका शिक्षक ही डाल सकता है। चेयरमैन डॉक्टर बीएल यादव ने सभी बच्चों का उत्साह वर्धन करते सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रशंसा की। उन्होंने बताया कि स्कूल समय-समय पर इस प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम करता रहता है और बच्चे हर कार्यक्रम में भाग लेते हैं। मैनेजिंग डायरेक्टर राहुल यादव ने सफलतापूर्वक आयोजन पर स्टाफ व अभिभावक बच्चों का आभार व्यक्त किया।

## उनिन्दा में महिलओं से संपर्क अभियान के तहत मोदी सरकार की नीतियों से करवाया अवगत

### अटेली में दो कौशल विकास केंद्र स्थापित किए गए

# सुशासन ही आधार की तर्ज पर डबल इंजन सरकार ने किया क्षेत्र का भला : भारती सैनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

भाजपा की सुशासन ही आधार सोच के चलते डबल इंजन सरकार क्षेत्र का निरंतर भला कर रही है। हर वर्ग को साथ लेकर मोदी सरकार ने हरियाणा को खुशहाल किया है। यह विचार मंगलवार भाजपा जिला महिला अध्यक्ष एवं नारनौल नगर परिषद की पूर्व चेयरपर्सन भारती सैनी ने अटेली मंडल के अधीन गांव उनिन्दा में व्यक्त किया। वे यहां महिलाओं को संपर्क अभियान के तहत मोदी सरकार की नीतियों से अवगत करवाने पहुंची थी। इस दौरान जिला अध्यक्ष ने कहा कि अगर हम अटेली विधानसभा की बात करें तो भाजपा ने 6.50 करोड़ की लागत से मीरपुर, बोचड़िया व चेलावास में खेल स्टेडियमों का निर्माण किया गया। चेलावास व नीरपुर में 6.44 करोड़ की लागत से फायर स्टेशन की स्थापना की गई। 8.78 करोड़ की लागत से कनीना व अटेली में नगर पालिका भवनों का निर्माण किया गया। गांव सूजापुर, भोजावास में आईटीआई भवनों का निर्माण किया गया। अटेली में दो कौशल विकास केंद्र स्थापित किए गए। अटेली में एक सामुदायिक तालाब बनाया गया। सुंदरह गांव में समन्वित बागवानी विकास व उत्कृष्टता केंद्र स्थापित किया गया। ऐसे सैकड़ों कार्य है जो अटेली क्षेत्र में हुए और चल रहे है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने निष्पक्ष व पारदर्शी ढंग से 1.10 लाख से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी दी है। ग्रुप सी व डी की भर्तियों में साक्षात्कार समाप्त किया है। विदेश में रोजगार तलाशने वाले युवाओं को कॉलेज में निशुल्क पासपोर्ट बनाने की प्रक्रिया चल रही है। इस मौके पर भाजपा महिला जिला सचिव रविना सोनी, अटेली मंडल अध्यक्ष सुमित्रा देवी, मंडल महामी सुमन देवी और अटेली मंडल अध्यक्ष कृष्ण, महामंत्री मुकेश व राजपाल भी मौजूद रहे।



नारनौल। अटेली के गांव उनिन्दा में महिलाओं को भाजपा सरकार की योजनाओं से अवगत करवाती भारती सैनी। फोटो: हरिभूमि

### ट्रॉला की चपेट में आने से बाइक चालक की मौत

**धारूहेड़ा।** दिल्ली-जयपुर नेशनल हाइवे पर विपुल गार्डन के पास एक ट्रॉले के चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। नारनौल के लुजौता निवासी सचिन बाइक से अपने घर जाने के लिए निकला था। दिल्ली की ओर से आ रहे एक चालक ने अपना ट्रॉला तेज गति से सर्विस रोड की ओर मोड़ दिया, जिससे ट्रॉला बाइक से टकरा गया। इस हादसे में सचिन पर सड़क पर गिरकर ट्रॉले के टायर की चपेट में आ गया। ट्रॉला चालक मौके से फरार हो गया। लोगों ने सचिन को एंबुलेंस की मदद से अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने ट्रॉला चालक के खिलाफ केस दर्ज करने के बाद उसकी तलाश शुरू कर दी।

**सूचना**

मै परमेश्वरदयाल पुत्र रमेशचन्द्र वासी ग्राम नीरपुर वार्ड नं. 7 नारनौल जिला महेंद्रगढ बयान करता हूं कि मेरा पुत्र परमवीर व पुत्र वधु निशा मेरे कहने सुनने से बाहर है औ अपनी मनमर्जी करते हैं उनके गलत आचरण के कारण मै उनको अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हू। भविष्य में इनसे लेनदेन करने वाला स्वयं जिम्मेदार होगा मेरी व मेरे बाकि परिवार की कोई जिम्मेदारी नही होगी।

## खबर संक्षेप



नारनौल। साफ-सफाई करते स्वयंसेवक। फोटो: हरिभूमि

### स्वयंसेवकों ने की परिसर में चलाया सफाई अभियान

**नारनौल।** बीकेएन राजकीय बहुतकनीकी में आयोजित सात दिवसीय एनएसएस विशेष शिविर के पांचवें दिन मंगलवार को स्वयंसेवकों ने सफाई अभियान चलाया। इस दौरान स्वयंवेसकों ने नेताजी सुभाष चन्द्र बोस स्टेडियम में सफाई अभियान चलाया व आमजन को स्वच्छता का संदेश दिया। इसके अलावा दोपहर बाद नागरिक अस्पताल से आई मेडिकल टीम ने एनएसएस स्वयंसेवकों के स्वास्थ्य की जांच की। इस मौके पर शिविर प्रभारी राजेश सैनी, संदीप कुमार, अंजनी कुमार, निर्मला आदि मौजूद थे।

### भाजपा अनुसूचित प्रकोष्ठ ने बनाए विस संयोजक

**नारनौल।** भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के विधानसभा संयोजकों की नियुक्ति की है। प्रदेश अध्यक्ष सत्यप्रकाश जरावता ने की हैं। एससी सैल भाजपा के जिलाध्यक्ष कर्मबीर खिंची ने बताया कि जिले से कंवर सिंह नेताजी को भिवानी विस संयोजक, बाबूलाल मुंडिया खेड़ा को बाढड़ा विस संयोजक एवं रामनिवास खेड़ी को तोशाम विस संयोजक बनाया। नियुक्तियों के लिए जिलाध्यक्ष ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, प्रदेश अध्यक्ष सत्यप्रकाश जरावता एवं भाजपा शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया।

### तीन साल की बच्ची के साथ महिला फरार

**धारूहेड़ा।** क्षेत्र के एक गांव में पति के साथ किराए के मकान में रह रही महिला पति के कंपनी में ड्यूटी जाने के बाद तीन साल की बेटी के साथ लापता हो गई। पति ने बताया कि वह एक कंपनी में था। 24 मार्च की शाम को जब घर लौटा, तो उसकी पत्नी और बेटी घर पर नहीं मिली।

# मॉडल संस्कृति स्कूलों में प्रवेश के लिए आवेदन एक अप्रैल से, 22 को निकाला जाएगा ड्रॉ

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़





महेंद्रगढ़। राजकीय मॉडल संस्कृति विद्यालय का मुख्यद्वार। फोटो: हरिभूमि

सरकार ने सीबीएसई बोर्ड से संबद्ध राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूलों में नए शिक्षा सत्र 2024-25 के लिए दाखिले का शेड्यूल जारी कर दिया है। दाखिला शेड्यूल के अनुसार राजकीय मॉडल संस्कृति प्राइमरी स्कूल व राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल में कक्षा पहली से पांचवी, छठी से आठवीं, नौंवी से 12वीं कक्षा में दाखिला के लिए एक अप्रैल से दाखिला प्रक्रिया शुरू की जाएगी। जबकि 26 अप्रैल को दााखिले की सूची जारी की जाएगी। इस दाखिला प्रक्रिया के तहत इन कक्षाओं में दाखिला लेने के इच्छुक विद्यार्थी 20 अप्रैल तक स्कूल मुखिया के पास अपने आवेदन जमा करवा सकते हैं। इसके बाद 22 अप्रैल को ड्रॉ निकाला जाएगा और 26 अप्रैल को दाखिले दिए जाएंगे। इसके बाद सीट खाली रहने की स्थिति में दाखिले का दूसरा चरण 27 अप्रैल से शुरू होगा। सीबीएसई बोर्ड से संबद्ध इन स्कूलों में नए शिक्षा सत्र 2024-25 में कक्षा पहली से पांचवी, छठी से आठवीं, नौंवी से 12वीं कक्षा में दाखिला के लिए एक अप्रैल से दाखिला प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

#### यह रहेगा शेड्यूल

विभाग द्वारा जारी किए पत्र में दाखिला प्रक्रिया एक अप्रैल से शुरू होगी। विद्यालय मुखिया द्वारा आवेदन पत्र प्राप्त करने की तिथि एक से 20 अप्रैल, माता-पिता को एक से 20 अप्रैल तक आवेदन जमा करवाने होंगे। इसके अलावा 22 अप्रैल को ड्रॉ निकाला जाएगा। 26 अप्रैल को दााखिले की सूची जारी की जाएगी।

#### आवेदन के लिए यह दस्तावजे अनिवार्य

राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूलों में दाखिला लेने के लिए विद्यार्थियों के पास जन्म प्रमाण पत्र, माता-पिता अथवा सरंक्षक का आयु के लिए शपथ पत्र, रिहायश प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, परिवार पहचान पत्र, विभाग द्वारा पहले से हीं तैयार किए गए आवेदन फार्म पर भरना होगा। यह आवेदन फार्म स्कूल द्वारा माता-पिता को निःशुल्क उपलब्ध करवाया जाएगा। विभाग द्वारा जारी किए गए पत्र में यह भी कहा गया है क किसी भी बच्चे को दस्तावेज के अभाव में दाखिले से वचिंत नीं किया जाएगा। बच्चे व अभिभावक को अस्थाई दाखिला देकर 30 दिन का समय प्रदान किया जाएगा। यदि आरक्षित सीटों के लिए समुचित संख्या में आवेदन नहीं आते है तो इन सीटों को सामान्य श्रेणी से भरा जाएगा।

#### एक सेक्शन में 30 सीट निर्धारित

दाखिला शेड्यूल के अनुसार कक्षा पहली से पांचवी के लिए एक सेक्शन में 30 सीटें निर्धारित की गई हैं। इसी प्रकार कक्षा छठी से आठवीं के लिए एक सेक्शन में 35 सीटें और कक्षा नौवीं व 12वीं के लिए 40-40 सीटें निर्धारित की गई हैं। एससी वर्ग के बच्चों के लिए प्रत्येक सेक्शन में तीन, बीसीए के लिए दो, बीसीबी के लिए एक तथा अनाथ, दिव्यांग व एचआईवी ग्रस्त बच्चों के लिए दो सीटें आरक्षित की गई हैं। हालांकि स्कूल मैनेजमेंट कमेटी अभिभावकों व शिक्षकों के साथ बैठक कर दो पारियों में स्कूल लगवाकर सेक्शनों की संख्या बढ़वा सकती है, परंतु इसके लिए बच्चों की संख्या पर्याप्त होना जरूरी है।

#### ये रहेगा दाखिला शुल्क व मासिक फीस

विद्यालय शिक्षा निदेशालय की ओर से जारी किए दाखिला शेड्यूल के अनुसार स्कूलों में प्रवेश पाने वाले बच्चों को कक्षा पहली से पांचवीं की एकमुश्त दाखिला शुल्क 500 रुपये और कक्षा छठी से 12वीं की एकमुश्त दाखिला शुल्क 1000 रुपये है। इसके अलावा पहली से तीसरी कक्षा तक मासिक फीस 200 रुपये और चौथी-पांचवीं के लिए 250 रुपये देनी होगी। इसी प्रकार कक्षा छठी से आठवीं 300 रुपये, नौवीं व दसवीं के बच्चों के लिए 400 रुपये व 11वीं से 12वीं के लिए 500 रुपये मासिक फीस निर्धारित की गई है।

## मास्टर जयनारायण सांस्कृतिक मंच ने मनाया 54वां महामूर्ख सम्मेलन


# लिखूं गीत कैसे मैं यादों के अब, था गीतों का मुखड़ा वही खो गयाः सुरेश मक्कड़

- आधुनिक भागदौड़ भरी जिंदगी में हंसना व हंसाना मानव जीवन की खुशहाली का प्रतीक है: रामबिलास शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़







महेंद्रगढ़। कार्यक्रम का शुभारंभ करते पूर्व शिक्षामंत्री रामबिलास शर्मा तथा कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुति देती गोरी मिश्रा। फोटो: हरिभूमि

हर वर्ष की भांति होली के पावन पर्व दुल्हेंडी के दिन रामलीला परिषद के रंगमंच पर मास्टर जयनारायण सांस्कृतिक मंच के सौजन्य से 54वां महामूर्ख सम्मेलन के तत्वावधान में विशाल हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। मंच का संचालन सुशील शर्मा ने निभाया। सांस्कृतिक मंच प्रधान नरेश जोशी व सचिव अशोक यादव ने बताया कि कार्यक्रम में पूर्व शिक्षा मंत्री प्रो. रामबिलास शर्मा की गरिमामयी उपस्थित रही तथा महामूर्ख के सिंहासन पर सुधीर दीवान मौजूद रहे।

कार्यक्रम से पहले मूर्खाधीश का श्रृंगार कर उनको घोड़ी पर बैठाकर भगवान परशुराम चौक से गाजे-बाजे व नाच गानों के साथ सम्मेलन स्थल तक लाया गया। इसके बाद राधा कृष्ण मक्कड़, राजपाल गिरदावर, राजकुमार परतापुरिया, महेश जोशी, अनिल कौशिक, दयाशंकर तिवाड़ी, जेपी मिश्रा, सुरेश लवानिया ने मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत की। इसके बाद कवि सम्मेलन का आगाज हुआ। पूर्व शिक्षा मंत्री प्रो. रामबिलास शर्मा ने कहा कि आधुनिक भागदौड़ भरी जिंदगी में हंसना व हंसाना मानव जीवन की खुशहाली का प्रतीक है।

इसी कड़ी में यह मंच इस तरह का आयोजन पिछले लंबे समय से करता आ रहा है। उन्होंने इस अवसर पर मंच के सभी सदस्यों को सफल आयोजन की बधाई दी। हेमा पांडेय लखनऊ ने मधुर कंठ द्वारा मां शारदे की वंदना कर कवि सम्मेलन का आगाज किया। उन्होंने पग महावर लगाया तुम्हारे लिए, रूप मैंने सजाया तुम्हारे लिए। सात जन्मों तक तुम हमारे रहो, चांद को जल चढ़ाया तुम्हारे लिए। इसके बाद कवि सुरेश मक्कड़ साहिल ने लिखूं गीत कैसे मैं यादों के अब, था गीतों का मुखड़ा वही खो गया। सुनाऊं किसे शब्द टूटे हुए, सुनने वाला वही था, वही सो गया। साची नेपाल से पधारे लक्ष्मण नेपाली ने कवि सम्मेलन का संचालन करते हुए सुनाया जिसको भी प्रभु राम चखेंगे, शबरी को वही बेर दिखेंगे। भोपाल मध्य प्रदेश से हास्य व्यंग्य कवि दीपक ने हर प्रेमिका ने हम में देखा, भैय्या का किरदार दनादन। कवि कुलदीप सिंह ठाकुर रंगीला ने हास्य-व्यंग्य की चुटकियों से श्रोताओं को बहुत गुदगुदाया। गौरी मिश्रा नैनीताल ने कहा कान्हा ने 'राधा! मैं तुझ पर रंग डालूंगा, मैं पिछले साल की होली का अब बदला निकालूंगा। कहा राधा ने कान्हा, मुझसे क्या बदला निकालेगा रंगी जो खुद तेरे रंग में, उसे क्या रंग डालेगा। अंत में उन्होंने सुनाया जय-जय श्री राम सुना कर माहौल को गरमा दिया खूब तालियां बटोरी। इस अवसर शहर के गणमान्य लोगों ने लुत्फ उठाया।



महेंद्रगढ़। कार्यालय में शिकायत सुनते एसपी अर्श वर्मा। फोटो: हरिभूमि

# एसपी ने महेंद्रगढ़ कार्यालय में सुनी लोगों की शिकायतें

- क्षेत्र में तैनात डायल 112 ईवीआर गाड़ियों की जांच की
- शहर व थाना सदर की इआरवी गाड़ियों और स्टाफ को किया चेक

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़

एसपी अर्श वर्मा ने मंगलवार को लघुसचिवालय स्थित अपने कार्यालय क्षेत्र व आसपास के लोगों की शिकायत सुनकर उनका समाधान किया गया। एसपी ने लोगों की शिकायतें सुनकर और मौके पर समाधान करते हुए समस्याओं से संबंधित अधिकारी व कर्मचारी को फोन कर आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान महेंद्रगढ़ के विभिन्न क्षेत्रों से शिकायतें आई, जिन पर संज्ञान लेते हुए एसपी ने संबंधित को नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। एसपी ने वहां पर मौजूद अधिकारियों को लोगों की शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर हल करने के निर्देश दिए। एसपी ने वहां पर मौजूद पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसी भी शिकायत को पेंडिंग में न डालें। थाने में आने वाले फरियादियों की शिकायतें सुनें और त्वरित कार्रवाई करें। एसपी अर्श वर्मा ने थाना शहर, थाना सदर क्षेत्र में तैनात डायल 112 की ईआरवी गाड़ियों को भी चेक किया गया। ईआरवी गाड़ी में उपलब्ध उपकरणों को चेक किया और उपकरणों के रखरखाव के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस दौरान डायल-112 के पुलिस कर्मचारियों को घटनास्थल पर पहुंच कर त्वरित कार्रवाई करने, इवेंट नहीं होने पर संदिग्धों से पूछताछ करने, बिना नंबर प्लेट के वाहनों को चेक करने, रजिस्टर में नोट कर मेंटेन रखने, इवेंट मिलने पर त्वरित कार्रवाई कर पीड़ित को मदद पहुंचाने, आमजन एवं पीड़ित, प्रार्थी कॉलर से शालीनता से बातचीत कर सहानुभूतिपूर्वक व्यवहार कर उनके बीच समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिए।



नारनौल। सेमिनार में सम्मानित होने वाली महिलाएं। फोटो: हरिभूमि

# एनआईआईटी सेंटर मे डिजिटल सहेली सेमिनार का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

- महिलाओं को डिजिटल टेक्नोलॉजी की दी जानकारी

एनआईआईटी सेंटर में डिजिटल सहेली सेमिनार आयोजित किया। जिसमें महिलाओं को डिजिटल टेक्नोलॉजी के महत्वपूर्ण तथ्यों की जानकारी दी गई। सचिव आदेश अग्रवाल मुख्य अतिथि थे। सेमिनार का शुभारंभ मुख्य अतिथि व संस्था के डायरेक्टर नवीन शर्मा ने किया। उन्होंने आदेश अग्रवाल का सेमिनार में पहुंचने पर आभार जताया। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि सेंटर की ओर से इस प्रकार के कार्यक्रम जैसे बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, डिजिटल सहेली जैसे आयोजन समय-समय करवाए जाते है, ताकि महिलाओं को डिजिटल जगत में अधिक सक्षम बनाने के लिए सहायक हो सकें। उन्होंने सेमिनार में शामिल सभी महिलाओं का धन्यवाद किया। आदेश अग्रवाल ने सेमिनार में उपस्थित सभी महिलाओं को सर्टिफिकेट प्रदान किए और मौजूद महिलाओं को संबोधित किया। उन्होंने अपने संबोधन में बताया कि सेंटर का यह कदम सराहनीय योग्य है। महिलाओं का डिजिटल रूप से मजबूत होना समाज में बहुत सारे अच्छे परिणाम लाता है।



नारनौल। भाजपा नेताओं के साथ बैठक करते धर्मवीर सिंह। फोटो: हरिभूमि

### लोस प्रत्याशी की भाजपा नेताओं के साथ की बैठक

**नारनौल।** सिंघाना रोड स्थित पेट्रोल पंप पर मंगलवार को भाजपा से महेंद्रगढ़-भिवानी लोकसभा प्रत्याशी चौधरी धर्मबीर सिंह ने वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक कर चुनावी रणनीति तैयार की। जिसमें पूर्व शिक्षामंत्री प्रो. रामबिलास शर्मा, पूर्व राज्यमंत्री एवं विधायक ओमप्रकाश यादव, जिला अध्यक्ष दयाराम यादव, लोस प्रभारी शिवकुमार मेहता मौजूद रहे। सभी ने पीएम नरेंद्र मोदी के विजय रथ 400 पार ले जाने के लिए महेंद्रगढ़-भिवानी लोकसभा से चौधरी धर्मबीर सिंह को एक बार भारी बहुमत से जितने पर चर्चा की। नेताओं ने कहा कि सभी कार्य मुख्यालय से ही होंगे। जिसे लेकर कार्यालय खोलने सहित विभिन्न बिंदुओं पर विचार-विमर्श किया गया। शहर में जल्द ही पार्टी कार्यालय खोलने की बात कही। इस मौके पर संजय सैनी, अश्वनी यादव, डा. राजेंद्र सैनी, युवा मोर्चा अध्यक्ष नरेंद्र सराय, छतरपाल चौहान, देवेंद्र, मीडिया प्रभारी विकास अग्रवाल, सरपंच रतनपाल चौहान, विक्रम सरपंच आदि मौजूद रहे।

# एनएच पर कट की मांग को लेकर सेहलंग-बागोत में धरना जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कनीना

- 152डी पर कट की मांग को लेकर 380 दिन से दे रहे धरना



कनीना। राष्ट्रीय राजमार्ग पर कट की मांग को लेकर धरने पर बैठे ग्रामीण। फोटो: हरिभूमि

नारनौल-कुरुक्षेत्र राष्ट्रीय राजमार्ग 152-डी पर सेहलंग-बाघोत के बीच वाहनों के प्रवेश मार्ग बनाने की मांग को लेकर ग्रामीणों की ओर से शुरू किया गया अनिश्चितकालीन धरना मंगलवार को 380वें दिन भी जारी रहा। जिसकी अध्यक्षता वेदप्रकाश सेहलंग ने की। धरनारत ग्रामीणों ने कहा कि एक साल से अधिक समय होने के बाद उन्होंने होली का त्योहार भी धरना स्थल पर ही मनाया। इस अवसर पर धरना संघर्ष समिति के अध्यक्ष विजय सिंह ने कहा कि प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहर लाल व उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला की ओर से ग्रामीणों की मांग को जायज बताते हुए यहां पर कट बनवाने का आश्वासन दिया गया था। इसके बाद अब मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का दायित्व बनता है कि ग्रामीणों को मांग को पूरा करें। उन्होंने कहा कि सरकार धरना स्थल पर बैठे ग्रामीणों के धैर्य की परीक्षा ले रही है। नेशनल ग्रीन कॉरिडोर 152-डी जिले के विभिन्न गांवों से होकर गुजर रहा है। केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी की ओर से दो वर्ष पूर्व यहां पर कट देने का आश्वासन दिया था, लेकिन अभी तक कार्य शुरू नहीं हो सका है। उन्होंने कहा कि जब तक कट का निर्माण कार्य शुरू नहीं हो जाता तब तक उनका धरना जारी रहेगा। इस मौके पर हरिओम पोता, सतपाल, धर्मपाल, बेड़ासिंह, विजयपाल, मुंशीराम, सूबेदार सुखबीर सिंह, सूबेसिंह, बाबूलाल, रघुवीर, सीताराम, रमेश कुमार, मांगेराम, हेमराज, वीरेंद्र सिंह, सूबेसिंह, रामकुमार, दाताराम, रामभगत, प्यारेलाल, हंसकुमार, वेदप्रकाश, मनोज, शेरसिंह, कृष्ण कुमार, सतनारायण आदि मौजूद रहे।

# अश्वनी कुमारी पीजीटी परीक्षा में प्रदेश में प्रथम



महेंद्रगढ़। अश्वनी कुमारी। फोटो: हरिभूमि

**महेंद्रगढ़।** गांव बुडीन निवासी अश्वनी कुमारी पत्नी मंजीत यादव ने हरियाणा लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित पीजीटी अध्यापक परीक्षा में पूरे हरियाणा में प्रथम स्थान प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया है। अश्वनी कुमारी ने अपनी 12वीं कक्षा की पढ़ाई राजकीय प्राथमिक पाठशाला पाली से पास की तथा बीए की पढ़ाई महिला महाविद्यालय से उत्तीर्ण की है। इसके बाद अश्वनी कुमारी ने एमए इतिहास की पढ़ाई महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक से पास की है। अश्वनी कुमारी ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता तथा गुरुजनों को दिया है। सफलता के लिए क्षेत्र के अनेक लोगों ने अश्वनी को बधाई दी है।



महेंद्रगढ़। नागरिकों की समस्याएं सुनते एसडीएम संजीव कुमार। फोटो: हरिभूमि

### एसडीएम ने सुनी आमजन की शिकायतें

- अधिकारियों को दिए तत्काल कार्रवाई के निर्देश

**महेंद्रगढ़।** एसडीएम संजीव कुमार ने में मंगलवार को साप्ताहिक कैंप कार्यालय में आमजन की शिकायतें सुनी। इस दौरान उनके सामने आठ नागरिकों की शिकायतें आई, जिनमें से अधिकांश का मौके कर निपटान किया। एसडीएम के सामने अवैध कब्जे, बिजली, पानी, पीपीपी व राजस्व सहित कई अन्य मामले भी आए, जिनको उन्होंने संबंधित अधिकारियों को जल्द समाधान करने के निर्देश दिए। इस मौके पर एसईपीओ कृष्णपाल, एसईपीओ प्रवीन कुमार, कृषि विभाग से एसडीओ गजानंद, जिला समाज कल्याण विभाग से प्रदीप कुमार, बिजली विभाग से हिमांशु जांगड़ा, श्रम विभाग से सुरेंद्र लांबा, आयुष विभाग से अनिल व क्रिड विभाग से अनीता सैनी के अलावा अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## अध्ययन, शोध व अनुसंधान के लिए किए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर

# फोरेंसिक साइंस में एनएफएसयू के साथ काम करेगा हकेंवि

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़





महेंद्रगढ़। समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करते प्रो. टंकेश्वर कुमार व प्रो. एसओ जुनारे। फोटो: हरिभूमि

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय और राष्ट्रीय फोरेंसिक विज्ञान विश्वविद्यालय (एनएफएसयू) गांधीनगर डिजिटल, साइबर और साइक्लोजिकल फोरेंसिक साइंस के क्षेत्र में अब मिलकर काम करेंगे। दोनों ही संस्थानों ने इस साझेदारी के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर टंकेश्वर कुमार ने कहा कि इस साझेदारी का उद्देश्य फोरेंसिक साइंस के क्षेत्र में अनुसंधान, शिक्षण और प्रशिक्षण की संभावनाओं में वृद्धि करना है। समझौता ज्ञापन पर प्रोफेसर डॉ. एसओ. जुनारे कैंपस निदेशक एनएफएसयू गांधीनगर और प्रोफेसर टंकेश्वर कुमार, कुलपति, हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय द्वारा प्रोफेसर डॉ. सतीश कुमार, डीन स्कूल ऑफ फोरेंसिक साइंस व एसएल शर्मा, उपकुलसचिव, एनएफएसयू की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए गए। कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि यह एमओयू दोनों संस्थानों के बीच आपसी सहयोग के नई संभावनाओं के विकास व विस्तार में सहयोग प्रदान करेगा।

#### ढांचागत सुविधाओं का होगा विस्तार

यह एमओयू शिक्षक व विद्यार्थियों के स्तर पर आवश्यक शिक्षण, प्रशिक्षण और राष्ट्रीय सेमिनार, कार्यशालाओं के आयोजन के माध्यम से ज्ञान व कौशल विकास में मददगार साबित होगा। इस प्रयास के माध्यम से पारस्परिक अनुसंधान व शैक्षणिक गतिविधियों को बढ़ावा देने तथा संस्थागत संसाधनों के स्तर पर ढांचागत सुविधाओं का विस्तार भी किया जाएगा। इस साझेदारी के विषय में में एनएफएसयू के कैंपस निदेशक प्रो. डॉ. एसओ जुनारे ने कहा कि हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के साथ इस साझेदारी के माध्यम से, हमारा लक्ष्य डिजिटल, साइबर और साइक्लोजिकल फोरेंसिक साइंस में उत्कृष्टता को बढ़ावा देना है। यहां बता दें कि एनएफएसयू, राष्ट्रीय महत्व का एक प्रतिष्ठित संस्थान है जो कि फोरेंसिक साइंस के क्षेत्र में उत्कृष्टता को बढ़ावा देने का कार्य करता है। इसी तरह हकेंवि भी स्नातक, स्नातकोत्तर व शोध पाठ्यक्रम उपलब्ध कराने वाला देश का प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय हैं।

### ढाकोड़ा आश्रम में कुश्ती मेला 29 को

**नांगल चौधरी।** ढाकोड़ा आश्रम में 29 मार्च को महंत रामनरेश दास की अध्यक्षता में कुश्ती मेला लगेगा। जिसमें विजेता पहलवानों को निर्धारित पुरस्कार से सम्मानित करने के साथ उन्हें ठहरने व भोजन की सुविधा मुहैया कराई जाएगी। महंत ने बताया कि दंगल में पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, यूपी, बिहार, मध्यप्रदेश समेत कई राज्यों के पहलवान शिरकत करते हैं। कामड़े की कुश्ती के विजेता को एक लाख नकद पुरस्कार तथा स्मृति चिह्न दिया जाएगा। इसके अलावा 81, 71, 61, 51 हजार व इनके कम पुरस्कार राशि से 100 से अधिक कुश्तियां करवाई जाएंगी। उन्होंने बताया कि 29 मार्च को सुबह मंदिर में पूजा-अर्चना करने तथा रात को भजनोपदेश की परंपरा बनी हुई है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
महेन्द्रगढ़ :- हरिभूमि कार्यालय, हुड्डा पार्क के सामने, डाक्टर भगत डेंटल अस्पताल वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, महेंद्रगढ़।
नारनौल :- सत्य प्लाजा, प्रथम तल, तरूण कलर लैब वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, नारनौल
फोन : 8295738500, 9253681005